# देश के आकांक्षी ज़िलों में नारायणपुर को मिला दूसरा स्थान

## चर्चा में क्यों?

28 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जल जीवन सर्वेक्षण 2023 में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िले ने देश के 43 आकांक्षी ज़िलों में दूसरा स्थान हासिल किया है।

## प्रमुख बिंदु

- नारायणपुर ज़िले को यह गौरवपूर्ण रैंकिंग बीते छह माह के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों का बेहतरीन क्रियान्वयन के लिये मिली है।
- गौरतलब है कि एक अक्टूबर 2022 से 31 मार्च, 2023 तक हुए जल-जीवन सर्वेक्षण 2023 में नारायणपुर को देश के आकांक्षी ज़िलों में दूसरा स्थान मिला है।
- विदित है कि जल जीवन मिशन में छत्तीसगढ़ राज्य की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने की है।
- बीते एक पखवाड़े में एक लाख 27 हज़ार से अधिक ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किये जाने की उल्लेखनीय उपलब्धि भी छत्तीसगढ़ ने हासिल की है।
- गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 25 लाख 11 हज़ार 850 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है जो कि घरेलू नल कनेक्शन दिये जाने के लक्ष्य का 50.13 प्रतिशत है।
- अब तक छत्तीसगढ़ राज्य के 556 गाँवों के शत-प्रतिशत परिवारों को भी घरेलू नल कनेक्शन दिया जा चुका है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुल 50 लाख 10 हज़ार 499 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किये जाने का लक्ष्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/narayanpur-ranked-2nd-in-aspirational-districts-of-the-country